# कक्षा–10 परीक्षा 2022–23

## हिन्दी–अ (कोड–002)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और 'ख'। खंड–क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड–ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं। जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड – क (बहुविकल्पी प्रश्न/वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

विज्ञान–शिक्षण के पक्षधरों ने कल्पना की थी कि कि शिक्षा में इसकी शुरूआत पारंपरिकता, कृत्रिमता और पिछड़ेपन को दूर करेगी। यह सोच पुराने समय से चली आ रही– 'तथ्य प्रचुर पाठ्यचर्या' जिसके अंतर्गत– आलोचना, चुनौती, सृजनात्मकता व विवेचनात्मकता का अभाव था, आदि के कारण पैदा हो रही थी। मानवतावादियों ने सोचा था कि वैज्ञानिक–पद्धति मध्यकालीन मतवाद के अंधविश्वासों को जड़ से मिटा देगी। किंतु हमारे शिक्षकों ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं की समझ को भी प्रेमचंद की कहानियों की तरह केवल पढ़ा व रटा कर उन्हें नीरस बना दिया। शिक्षा में विज्ञान–शिक्षण सम्मिलित करने के लिए यह तर्क दिया गया था कि इससे बच्चे विज्ञान की खोजों से परिचित हो सकेगें तथा अपने वास्तविक जीवन में घट रही घटनाओं के बारे में कुछ सीखेंगें। वे वैज्ञानिक विधि का अध्ययन कर तार्किक रूप से कैसे सोचना है, के कौशल में परांगत होंगे। इन उद्देश्यों में से केवल पहले ही में एक सीमित सफलता मिली है। दूसरे व तीसरे में व्यावहारिक रूप से बच्चे कुछ भी नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। अधिकतर बच्चों से भौतिकी और रसायन विज्ञान के तथ्यों के बारे में कुछ जानने की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन वे शायद ही जानते हों कि कंप्यूटर अथवा कार का इंजन कैसे कार्य करते हैं अथवा क्यों उनकी माता जी सब्जी पकाने के लिये उसे छोटे टुकड़ों में काटती हैं। जबकि वैज्ञानिक पद्धति में रुचि रखने वाले किसी भी उज्जवल लड़के को ये बातें सहज रूप से ही ज्ञात हो जाती हैं।

वैज्ञानिक प़्द्धति की शिक्षा अधिकांश वि़्द्यालयों में भली प्रकार से नहीं दी जा रही है। दरअसल, शिक्षकों ने अपनी सुविधा और परीक्षा केंद्रित सोच के कारण, यह सुनिश्चित कर लिया है कि छात्र वैज्ञानिक पद्धति न सीख कर ठीक इसका उल्टा सीखें, अर्थात वे जो बताएँ, उस पर आँख मूंद कर विश्वास करें और पूछे जाने पर उसे जस का तस परीक्षा में लिख दें। वैज्ञानिक पद्धति को आत्मसात करने के लिये लंबे व्यक्तिगत अनुभव तथा परिश्रम व धैर्य पर आधारित वैज्ञानिक मूल्यों की आवश्यकता होती है, और जब तक इसे संभव बनाने के लिए शैक्षिक या सामाजिक प्रणालियों को बदल नहीं दिया जाता है, वैज्ञानिक तकनीकों में सक्षम केवल कुछ बच्चे ही सामने आएँगे तथा इन तकनीकों को आगे विकसित करने वालों की संख्या इसका भी अंश मात्र ही होगी।

(1) लेखक का तात्पर्य है कि शिक्षकों ने?

(क) अपने सीमित ज्ञान के कारण विज्ञान पढ़ाने में रुचि नहीं ली है।

(ख) विज्ञान शिक्षा को लागू करने के प्रयासों को विफल किया है।

(ग) बच्चों को अनुभव आधारित ज्ञान प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया है।

(घ) मानवतावादियों का समर्थन करते हुये कार्य किया है।

Continue on next page......

(2) स्कूल शिक्षा में विज्ञान शिक्षण के प्रति लेखक का क्या रवैया है?
(क) तटस्थ
(ख) सकारात्मक
(ग) व्यंग्यात्मक
(घ) नकरात्मक

(3) उपर्युक्त गद्यांश निम्नलिखित में से किस दशक में लिखा गया होगा?
(क) 1951–60
(ख) 1970–80
(ग) 1980–90
(घ) 2000–10

(4) लेखक वैज्ञानिक पद्धति को लागू करने में विफलता के लिए निम्नलिखित किस कारक को सबसे अधिक जिम्मेदार ठहराता है?
(क) शिक्षक
(ख) परीक्षा के तरीके
(ग) प्रत्यक्ष अनुभव की कमी
(घ) सामाजिक और शिक्षा प्रणाली

(5) यदि लेखक वर्तमान समय में आकर विज्ञान शिक्षण का प्रभाव सुनिश्चित करना चाहे तो निम्नलिखित में से किस प्रश्न के उत्तर में दिलचस्पी लेगा?
(क) क्या छात्र दुनिया के बारे में अधिक जानते हैं?
(ख) क्या छात्र प्रयोगशालाओं में अधिक समय बिताते हैं?
(ग) क्या छात्र अपने ज्ञान को तार्किक रूप से लागू कर सकते हैं?
(घ) क्या पाठ्यपुस्तकों में तथ्याधारित सामग्री बढ़ी है?

2. **निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

लोहे के पेड़ हरे होंगे, तू गान प्रेम का गाता चल,
नम होगी यह मिट्टी ज़रूर, आँसू के कण बरसाता चल।
सिसकियों और चीत्कारों से, जितना भी हो आकाश भरा,
कंकालों का हो ढेर, खप्परों से चाहे हो पटी धरा।
आशा के स्वर का भार, पवन को लेकिन, लेना ही होगा।
जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा।
रंगों के सातों घट उड़ेल, यह अँधियाली रँग जाएगी।
उषा को सत्य बनाने को जावक नभ पर छितराता चल।
आदर्शों से आदर्श भिड़े, प्रज्ञा प्रज्ञा पर टूट रही,
प्रतिमा प्रतिमा से लड़ती है, धरती की किस्मत फूट रही।
आवर्तों का है विषम जाल, निरुपाय बुद्धि चकराती है,
विज्ञान–यान पर चढी हुई सभ्यता डूबने जाती है।
जब–जब मस्तिष्क जयी होता, संसार ज्ञान से चलता है,
शीतलता की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल।

(1) लोहे के पेड़ किसके प्रतीक हैं?
(क) नकली पेड़
(ख) मशीनें
(ग) मशीनी संस्कृति
(घ) विज्ञान

Continue on next page......

(2) 'नम होगी यह मिट्टी ज़रूर' कहकर कवि किस ओर संकेत कर रहा है?
(क) प्रेम के बल पर शुष्क हृदयों के भाव भरे जा सकते हैं
(ख) वर्षा न होने के कारण सूखी मिट्टी वर्षा आने पर नम ज़रूर हो जाएगी
(ग) सूखी आँखें फिर आँसुओं से नम हो जाएँगी
(घ) इतने आँसू बहाओ कि मिट्टी गीली हो जाए

(3) दुख और निराशा के वातावरण में मनुष्य का क्या कर्तव्य होना चाहिए?
(क) सपने देखे और साकार करे
(ख) आशा का संचार करे
(ग) मिट्टी को नम करे
(घ) विज्ञान यान पर सवार हो

(4) प्रेम की भावना से इस भौतिक–बौद्धिक संसार पर विजय पाई जा सकती है– यह भाव किस पंक्ति से व्यंजित हो रहा है?
(क) जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा
(ख) आशा के स्वर का भार, पवन को लेकिन, लेना ही होगा
(ग) जब–जब मस्तिष्क जयी होता, संसार ज्ञान से चलता है
(घ) शीतलता की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल

(5) 'रंगों के सातों घट उड़ेल' से अभिप्राय है–
(क) रंगों भरा जीवन
(ख) रंगों की वर्षा
(ग) सात रंगों के सात घड़
(घ) आशा और खुशियों से भरा जीवन

**अथवा**

बहुत घुटन है बंद घरों में, खुली हवा तो आने दो,
संशय की खिड़कियाँ खोल दो, किरनों को मुस्काने दो।
ऊँचे–ऊँचे भवन उठ रहे, पर आंगन का नाम नहीं,
चमक–दमक, आपा–धापी है, पर जीवन का नाम नहीं
लौट न जाए सूर्य द्वारा से, नया संदेशा लाने दो।
बहुत घुटन है .........
हर माँ अपना राम जोहती, कटता क्यों वनवास नहीं।
मेहनत की सीता भी भूखी, रुकता क्यों उपवास नहीं।
बाबा की सूनी आँखों में चुभता तिमिर भगाने दो।
बहुत घुटन है.........
हर उदास राखी गुहारती, भाई का वह प्यार कहाँ।
डरे–डरे रिश्ते भी कहते–अपनों का संसार कहाँ।
गुमसुम गलियों को मिलने दो, खुशबू तो बिखराने दो।
बहुत घुटन है बंद घरों में खुली हवा तो आने दो।

(1) 'ऊँचे ऊँचे भवन उठ रहे, पर आंगन का नाम नहीं' इस पंक्ति का क्या आशय है?
(क) आंगन के अस्तित्व को नकारना
(ख) लगातार बढ़ती मंजिलें
(ग) बाहरी तरक्की पर मन खोखला
(घ) खुलेपन से रहित ऊँचे–ऊँचे मकान

Continue on next page......

(2) सूर्य के द्वार से लौट जाने का क्या कारण होगा?
   (क) बंद घरों के कारण
   (ख) खुली हवा के कारण
   (ग) घने संकरे मकानों के कारण
   (घ) आपा धापी के कारण

(3) 'हर माँ अपना राम जोहती' इस पंक्ति का क्या आशय है?
   (क) वियोगरूपी वनवास की समाप्ति की प्रतीक्षा
   (ख) नौकरी के लिए बाहर गए बेटे के आगमन की प्रतीक्षा
   (ग) साधनों की कमी खत्म होने की प्रतीक्षा
   (घ) युद्धभूमि में गए बेटे के लौटने की प्रतीक्षा

(4) उपर्युक्त पद्यांश में 'गुहारती' शब्द का क्या अर्थ है?
   (क) लौटना
   (ख) हँसना
   (ग) पुकारना
   (घ) रोना

(5) प्रस्तुत कविता का संदेश है–
   (क) वैभवशालिता की चकाचौंध है।
   (ख) वहाँ सभी तरह की सुख सुविधाएँ हैं।
   (ग) बड़े नगरों में बड़े–बड़े मकान हैं।
   (घ) आपसी प्यार और जीवन का नाम नहीं है।

3. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) वह जाते–जाते रूक गया। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
   (क) संयुक्त वाक्य
   (ख) मिश्र वाक्य
   (ग) सरल वाक्य
   (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) "जो निर्धन हैं उनकी कोई बात नहीं सुनता।" इस वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए।
   (क) जो निर्धन होते हैं उनकी कोई बात नहीं सुनता।
   (ख) निर्धन होने के कारण, उनकी कोई बात नहीं सुनता।
   (ग) निर्धन होने से, उनकी कोई बात नहीं सुनता।
   (घ) निर्धनों की कोई बात नहीं सुनता।

(3) निम्न में से मिश्र वाक्य को चिह्नित कीजिए–
   (क) कृष्णा अपने घर से आई
   (ख) कृष्णा अपने घर से नहीं आई
   (ग) उसे घर भेज दो ताकि झगड़ा न हो
   (घ) प्रभु आपकी कामनाएँ पूरी करें

Continue on next page......

(4) "शिक्षा साध्य नहीं साधन है।" इस सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए–

(क) शिक्षा साध्य है और साधन है।

(ख) शिक्षा साध्य होने पर भी साधन है।

(ग) शिक्षा साध्य न होकर साधन है।

(घ) शिक्षा साध्य नहीं है अपितु साधन है।

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | आप चाय पीएँगे या कॉफी? | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | रमेश मेरा भाई है। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जैसे ही मुख्य अतिथि आए, कार्यक्रम शुरू हो गया। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

4. **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | सरकार द्वारा जनता पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। | (i) | कर्तृवाच्य |
| (2) | सरकार ने साक्षरता के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए। | (ii) | कर्मवाच्य |
| (3) | बच्चों से रातभर कैसे पढ़ा जाएगा? | (iii) | भाववाच्य |

विकल्प

(क) 1-iii, 2-i, 3-ii

(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i

(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii

(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

(2) महाभारत महाग्रंथ किसके द्वारा रचा गया है? इस वाक्य में कौनसा वाच्य है?

(क) मिश्रवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) कर्तृवाच्य

(3) उसके द्वारा आज कार्यालय नहीं जाया गया। इस वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तित सही विकल्प होगा–

(क) नहीं जाया गया उससे आज कार्यालय

(ख) कार्यालय जाया नहीं गया उससे आज

(ग) कार्यालय उससे आज नहीं जाया गया

(घ) वह आज कार्यालय नहीं गया

Continue on next page......

(4) वह इतना दुर्बल हो गया है कि उससे उठा भी नहीं जाता। इस वाक्य में कौनसा वाच्य है?
(क) सरल वाक्य
(ख) भाववाच्य
(ग) कर्मवाच्य
(घ) कर्तृवाच्य

(5) पक्षी रात में सोते हैं। इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।
(क) पक्षियों से रात में सोया जाता है।
(ख) रात में पक्षी सो जाते हैं।
(ग) पक्षियों द्वारा रात में सोया जाता है।
(घ) पक्षी रात में सो सकते हैं।

5. **निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $(1 \times 4 = 4)$

(1) **अरे!** वह इतना प्रसन्न कैसे है। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद–परिचय होगा–
(क) समुच्चबोधक अव्यय
(ख) संबंधबोधक अव्यय
(ग) क्रियाविशेषण
(घ) विस्मयदिबोधक अव्यय

(2) वह अपने **घर** गया। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद–परिचय होगा–
(क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।
(ख) समूहवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।
(ग) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।
(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।

(3) **हाय!** उसके जीवन में कितने दुख हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद–परिचय होगा–
(क) अव्यय, विस्मयादिबोधक, शोक सूचक
(ख) अव्यय, विस्मयादिबोधक, विस्मय सूचक
(ग) अव्यय, समुच्चयबोधक, हर्ष सूचक
(घ) निपात, संबोधन

(4) परिश्रम करो **और** सफलता पाओ। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद–परिचय होगा–
(क) संबंधबोधक, विभाजक समानाधिकरण
(ख) समुच्चयबोधक, विभाजक समानाधिकरण, (दो उपवाक्यों को जोड़ना)
(ग) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग
(घ) परिमाणवाचक विशेषण, एकवचन, अधिकरण कारक

(5) **आकाश** ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद–परिचय होगा–
(क) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।
(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।
(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्ता कारक।
(घ) समूहवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।

Continue on next page......

6. **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कहाँ उच्च वह शिखर काल का।
जिस पर अभी विलय था।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(2) विकसि प्रात में जलज ये, सरलज में छबि देत।
पूजत भानुहि मनहु ये, सिय मुख समता हेत।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(3) वृक्षों की टहनियां बादल से बातें करती है।
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(4) अनुराग भरे तारों ने आंखें खोली।
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(5) बाल समय रबि भक्षि लियो तब।
तीनहुँ लोक भयो अँधियारो।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

7. **निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

अब हालदार साहब को बात कुछ–कुछ समझ में आई। एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है। बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो। इसलिए वह अपनी छोटी–सी दुकान में उपलब्ध गिने–चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम–संभवतः नेताजी से क्षमा माँगते हुए लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है। वाह! भई खूब! क्या आइडिया है!

Continue on next page......

(1) चश्मेवाले का क्या नाम था–
(क) हालदार
(ख) कैप्टन
(ग) नेताजी
(घ) चश्मे वाला

(2) चश्मेवाले को अच्छी नहीं लगती थी–
(क) चश्मेवाली मूर्ति
(ख) हालदार साहब की पोशाक
(ग) चश्माविहीन मूर्ति
(घ) ग्राहक की जिद

(3) चश्मेवाला देशभक्तों तथा शहीदों का क्या करता था?
(क) अपमान
(ख) मजाक
(ग) सम्मान
(घ) बुराई

(4) चश्मेवाला अपने चश्मे किसे बेचता था?
(क) मूर्तिकार को
(ख) हालदार साहब को
(ग) ग्राहक को
(घ) मूर्ति का सम्मान करने वाले को

(5) चश्मेवाला नेताजी की मूर्ति पर लगा फ्रेम ग्राहक को देने के बाद क्या करता था?
(क) मूर्ति को बिना फ्रेम के ही छोड़ देता था।
(ख) मूर्ति को दूसरा फ्रेम पहना देता था।
(ग) हालदार साहब से वैसा ही फ्रेम ले लेता था।
(घ) पानवाले से अपना दुःख बाँटता था।

८. **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) भौतिक विज्ञान के वि़द्यार्थी न्यूटन जितने संस्कृत क्यों नही हो सकते?
(क) न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया
(ख) भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों ने उसे आगे बढ़ाया
(ग) आविष्कर्ता ही संस्कृत व्यक्ति होता है
(घ) सभी कथन सत्य हैं

(2) शहनाई को बजाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?
(क) रीड
(ख) पाईप
(ग) जल
(घ) सरकंडा

9. **निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि–सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
सूरदास अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।

(1) गोपियाँ किससे गुहार लगाना चाहती थी–
(क) उद्धव से
(ख) कृष्ण के माता–पिता से
(ग) कृष्ण से
(घ) राधा से

(2) उद्धव द्वारा लाये गए संदेशों से गोपियों की व्यथा क्या हुई–
(क) बढ़ गई
(ख) घट गई
(ग) समाप्त हो गई
(घ) कुछ अंतर नहीं पड़ा

(3) किसके मन की बात मन में ही रह गई–
(क) उद्धव के
(ख) राधा के
(ग) गोपियों के
(घ) कृष्ण के

(4) गोपियों को क्या आज्ञा थी–
(क) वे सिद्धि प्राप्त करेंगी
(ख) कृष्ण ब्रज लौट आएँगे
(ग) कृष्ण योग संदेश भेजेंगे
(घ) वे मथुरा जाएँगी

(5) कृष्ण ने उद्धव को किस भक्ति धारा का संदेश देकर भेजा था–
(क) सगुण ईश्वर
(ख) साकार ईश्वर
(ग) निर्गुण ईश्वर
(घ) कृष्ण

10. **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) भगत जी बेटे के मरने के बाद अपनी बहू की दूसरी शादी क्यों करवाना चाहते थे?
(क) सबकी नजर में अच्छा बनने के लिए
(ख) उसके सुखद भविष्य के लिए
(ग) छूटकारा पाने के लिए
(घ) इनमें से कोई नहीं

Continue on next page......

(2) धूलि धूसर गात से आप क्या समझते हैं?
   (क) धूल मिट्टी से सने अंग प्रत्यंग
   (ख) ऐसा
   (ग) भरोसा
   (घ) गाना

## खंड – ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$
   (क) बालगोबिन भगत के गीतों में निहित भाव तथा प्रभाव का उल्लेख कीजिए।
   (ख) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा?
   (ग) लेखिका मन्नू भंडारी अपनी माँ को आदर्श क्यों नहीं बना सकी? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।
   (घ) नौबतखाने में इबादत पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि शहनाई को अरब देश में और भारत में किस उपाधि से शोभित किया गया है?

12. **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$
   (क) क्रोधित परशुराम को शांत करने के लिए राम ने क्या कहा? उन वचनों से उनका कौन–सा गुण झलकता हैं?
   (ख) कवि का स्वप्न–भंग किस जीवन–सत्य की ओर संकेत करता है?
   (ग) 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर फागुन में उमड़े प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
   (घ) संगतकार कविता के संदर्भ में बताइए कि अंतरे की जटिल तानों के जंगल से क्या अभिप्राय है?

13. **पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** $4 \times 2 = 8$
   (क) 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ की लेखिका का मन फ़ौजी छावनी में लिखे 'वी गिव अवर टूडे फ़ॉर योर टुमारो' वाक्य को पढ़कर उदास क्यों हो गया? स्पष्ट कीजिए।
   (ख) 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है?
   (ग) हिरोशिमा पर लिखी कविता लेखक के अंत व बाह्य दवाबों का परिणाम है, आप कैसे कह सकते हैं?

14. **निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** (6)
   (क) **स्वावलंबन**
   **संकेत बिन्दु :**
   - स्वावलंबन का अर्थ
   - आत्मविश्वास की सीढ़ी
   - स्वावलम्बी समाज राष्ट्र का हितैषी।

   (ख) **परहित सरिस धर्म नहिं भाई**
   **संकेत बिन्दु :**
   - मनुष्यता की कसौटी
   - जीवन की सार्थकता
   - परोपकार से आनंद की अनुभूति।

Continue on next page......

(ग) **मेक इन इण्डिया**

**संकेत बिन्दु :**

- वस्तुओं का भारत में निर्माण
- आरम्भ और लक्ष्य
- लाभ और क्षेत्र
- उज्ज्वल औद्योगिक भविष्य।

15. बस में यात्रा करते समय आपका मोबाइल फोन गुम हो गया। अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

छात्रावास में रहने वाले अपने छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर प्रातःकाल नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कीजिए।

16. राजीव गांधी फाउंडेशन उच्च शिक्षा स्कॉलरशिप प्रदान करती है। स्कॉलरशिप प्राप्त करने हेतु आवेदन भेजने के लिए अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है। वह पुल कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। आपने वहाँ रुककर अपने मोबाइल से उसका चित्र भी लिया है। उस चित्र सहित लोक निर्माण विभाग को अधिशासी अभियंता को पुल की मरम्मत के संदर्भ में पत्र/ई–मेल कीजिए।

17. 'कस्तुरी सुगंधित तेल' का सुन्दर विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (4)

**अथवा**

किसी दूसरे शहर में रहकर नौकरी कर रहे अपने बड़े भाई के परिवार को आने वाली होली की शुभकामनाएँ देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक संदेश तैयार कीजिए।

□□□□□□□